सार-समाचार

बच्चे की मौत, लापरवाही का मामला दर्ज

डूंगरपुर, (निसं)। सागवाडा थाना क्षेत्र के जील अस्पताल से रेफर डेढ साल के बच्चे की रविवार को गुजरात के हॉस्पीटल में मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापस सागवाडा के जील अस्पताल के सामने पहुंचे और हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश कर शव को मोर्चरी में रखवाया। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही से इलाज का प्रकरण दर्ज करवाया है। बच्चे जो जील अस्पताल से रेफर करने के बाद पथरावए तोडफोड और कर्मचारियों से मारपीट की घटना हुई थी। सागवाडा थाना पुलिस की ओर से 13 मार्च को बांसवाडा जिले के खेरल का प?ला थाना गढी निवासी जयेश नाथ रावल के डेढ वर्षीय बेटे भव्य रावल की तबीयत खराब होने पर उसे जील अस्पताल सागवाडा में भर्ती करवाया गया था। बच्चे की तबीयत खराब होने पर उसे रेफर कर दिया गया था। जिस पर बच्चे को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर गुजरात ले जा रहे थे। इसी दौरान अस्पताल रैम्प पर ही एम्बुलेंस खराब हो गई। कुछ देर में एम्बुलेंस ठीक भी हो गई, लेकिन आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल पर पथराव कर दिया। अस्पताल में जमकर तोडफोड की। पथराव की वजह से अस्पताल के शीशे फूट गए। काउंटर, कंप्यूटर तोड दिया। वही अस्पताल के महिला गार्ड, नर्सिंगकर्मी सम्राट कई कर्मचारियों से मारपीट की गई। घटना के बाद परिजन एम्बुलेंस से बच्चे को लेकर गुजरात रवाना हो गए। अस्पताल प्रबंधन की ओर से सागवाडा थाने में बच्चे के पिता समेत 10 से 12 लोगो के खिलाफ पथराव, तोडफोड मारपीट का प्रकरण दर्ज करवाया।

सांवलिया जी सेठ के दर्शन किए

मंडफिया, (निसं)। चित्तौड़गढ़ सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी एवं प्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावणा ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। दर्शन के दौरान मंदिर पुजारी ने सांसद जोशी एवं गायक रावणा को उपरना ओढ़ाकर तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। मंदिर मंडल की ओर से प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने दोनों अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। दर्शन पश्चात मंदिर कार्यालय में सांसद जोशी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इससे पहले भाजपा नेता एवं मंडफिया पूर्व सरपंच हजारी दास वैष्णव के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद जोशी एवं गायक रावणा का गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह चौहान, पोटला कलां पूर्व सरपंच कालू लाल जाट, मंदिर बोर्ड के पूर्व सदस्य भैरूलाल सोनी, कैलाश चंद्र दाधीच, रमेश चंद्र वैष्णव, राजकुमार वैष्णव, पंकज जारोली, सचिन वैष्णव, पवन तिवारी, राधे सुथार, लोकेश जांगिड़, कंवर लाल गुर्जर सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सांसद जोशी एवं गायक रावणा ने मंडफिया से दर्शन करने के पश्चात भादसोड़ा चौराहा स्थित जन्मस्थल भगवान सांवलियाजी सेठ के मंदिर में भी दर्शन किए।

शिशु बाल नगरी मेले का आयोजन

देवगढ़, (निसं)। विद्या भारती संस्थान द्वारा संचालित विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय देवगढ़ में एक दिवसीय शिशु बाल नगरी मेले का सोमवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश उपाध्याय, मुख्य अतिथि नूतन प्रकाश जोशी जिला शिक्षा अधिकारी राजसमंद, कान सिंह चौहान खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी,देवगढ़, विजेंद्र नागदा प्रधानाचार्य केंद्रीय विद्यालय देवगढ़, केशरीमल पंडिया जिला सचिव विद्या भारती, सरस्वती जोशी शिशु वाटिका जिला प्रभारी, लोकेंद्र सिंह , देवेंद्र सिंह कच्छावा, चंदा तिवारी रहे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों ने विद्यालय मे बच्चो द्वारा सजाई गयी शिशु शिक्षा की 12 शैक्षिणक व्यवस्था व 14 विधाओ का प्रदर्शन की विभिन्न जीवंत झांकियों का अवलोकन किया गया।

फायर करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। डबोक थाना पुलिस ने युवक पर फायरिंग करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीडित देवीलाल उर्फ पिन्टू पुत्र धनराज निवासी नान्दवेल डबोक ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी।जिसमें उसने बताया कि 4 मार्च को रात में विनायक होटल सोशिया घाटी से कार लेकर घर पहुंचा। जहां पानी की टंकी के पाए एक व्यक्ति खड़ा था एवं कुछ दूरी पर एक बाइक पर व्यक्ति बैठा हुआ था। कार खड़ी कर घर के दरवाजें पर पहुंचते हीं पिछे से आए व्यक्ति ने फायर किया जो मेरी जांग पर गोली लगी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के सुपरविजन में डबोक थानाधिकारी हुकमसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने 6 मार्च को पीयूष पुत्र तिथलेश सिंह निवासी प्रेमनगर कॉलोनी बडगांव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की थी। इस मामले मे दूसरे आरोपी पीयूष के भाई प्रभात सिंह पुत्र मिथलेशसिंह निवासी प्रेमनगर कॉलोनी बडगांव फरार था। जिसे बापर्दा गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अवैध पिस्टल बरामद की।

पिकअप की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। वरदा थाना क्षेत्र में भेड माता पुलिया के पास रविवार दोपहर को एक दर्दनाक सडक हादसा हुआ। तेज रफ्तार पिकअप ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में बिछीवाडा निवासी गजेंद्र कुमार कोठारी की मौके पर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में सवार गजेंद्र की पत्नी जीतेश्री भतीजी मारुति और चार बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चों में मोक्षित,विवान,सहज और नैशी शामिल हैं। सभी घायलों को पहले डूंगरपुर जिला अस्पताल ले जाया गया। वरदा थाना हेड कॉनि. संतोष कुमार के अनुसार,मृतक के भाई राजेंद्र कुमार कोठारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिवार सागवाडा से बिछीवाडा लौट रहा था। आंतरी के पास भेड माता पुलिया पर सामने से आ रहे पिकअप ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पलट गई। डॉक्टरों ने जांच के बाद गजेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनका इलाज जारी है।

विधायक माहेश्वरी ने ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं से किया संवाद

राजसमंद, (निसं)। जिले में कुरज मंडल के ग्राम मंडफिया खेडा में सोमवार को विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने ग्रामीण जनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गहन संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय समस्याओं एवं विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की और ग्रामीणों से उनके सुझाव लिए एवं आवश्यकताओं को समझा। विधायक ने कहा कि ग्रामीण सशक्तिकरण और समग्र विकास भाजपा सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने ग्राम विकास के अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं, जिनसे देशभर में गांवों का विकास हो रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मोदी सरकार की समग्र ग्राम विकास की नीति के कारण देश में निर्धनता दर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई हैं, जो ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं और अपनी आवश्यकताओं को लेकर विधायक के समक्ष विभिन्न विषय रखे। विधायक दीप्ति ने आश्वासन दिया कि इन सभी मांगों को प्राथमिकता से पूरा करने के लिए वे प्रशासन एवं सरकार से समन्वय स्थापित करेंगी। अधिकारियों से वार्ता करके जनता के भाव अभियोगों का निराकरण समय पर एवं संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश दिए। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने ग्राम कुरज में आयोजित नंद घर

मंडफिया खेडा में ग्रामीणजनों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करती विधायक दीप्ति माहेश्वरी।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन दिया। यह कार्यक्रम हिंदुस्तान जिंक, वेदांता फाउंडेशन और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 70 से अधिक नंद घरों का आभासी माध्यम से उद्घाटन किया गया। विधायक दीप्ति ने वेदांता समूह से आग्रह किया कि वें स्थानीय युवतियों को रोजगार में प्राथमिकता दें, जिससे क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि वेदांता समूह का निगमन सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कोष के तहत नंद घरों के आधुनिकीकरण का कार्य अत्यंत सराहनीय है और यह ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत, आंगनबाडी एवं नंद घर, महिला एवं बाल स्वास्थ्य, बेटी बचाओ-बेटी पढाओं जैसी योजनाओं के प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि इन प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में ग्रामीण भारत के परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन आया हैं। उन्होंने औद्योगिक समूहों से आव्हान किया कि वें स्थानीय स्तर पर प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ परिवार, शिक्षित परिवार अभियान को सफल बनाने में योगदान दें। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा, मुख्य वित्त अधिकारी संदीप मोदी, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी मुनीश वासुदेव, आरडीसी आईबीयू सीईओ बलवंत सिंह राठौड, वेदांता सामाजिक दायित्व कोष अधिकारी अनुपम निधि, कुरज सरपंच चांदीदेवी जाट सहित आंगनवाडी कार्यकर्ता, जिपस व पंसस मौजूद थे।

पत्नी के प्रेमी की हत्या करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। दिन दहाड़े घर में घुस कर पत्नी के प्रेमी की चाकू घोंप कर हत्या करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 9 मार्च को पीडिता रीना मीणा ने हिरणमगरी पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मेरे पड़ौस वाले रूम में जितेन्द्र मीणा व डिंपल मीणा नाम की लडकी किराये पर रहते है तथा दोनों नर्सिंगकर्मी है। पांच छह माह पूर्व डिंपल ने मुझे बताया कि उसने जितेन्द्र मीणा से शादी की है। सवेरे पड़ौस वाले कमरे से चिल्लाने की आवाज आई मैने व मेरी ननद पूजा ने गेट खोल कर देखा तो एक आदमी को जितेन्द्र के रूम से भागते हुए देखा जिसका डिम्पल पिछा कर रही थी।

कमरे में देखा तो जितेन्द्र खुन से लथपथ पड़ा था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में एसआई करनाराम, एएसआई बसंतीलालद्ध कांस्टेबल नन्दकिशोर, हमेन्द्र मय टीम ने गांव बोखला के जंगलों में दबिश देकर नरसी खराडी पुत्र बदा खराड़ी निवासी बोर पीपला बोखला थाना बिच्छीवाड़ा डूंगरपुर को गिरफ्तार किया।

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि नरसी मीणा ने अपनी पत्नी डिंपल को पढाई करवा कर नर्सिंग कोर्स करवाया। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद निजी हॉस्पीटल में काम करना शुरू किया जहां डिंपल का तीन वर्ष पूर्व जितेन्द्र मीणा से परिचय हुआ। नरसी से नाता तोड़ कर जितेन्द्र के साथ लिविंग रिलेशन के रूप में रहने लगी। इसको लेकर सामाजिक स्तर पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई लेकिन समाधान नहीं हुआ।

डिंपल ने पति नरसी मीणा के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट भी दी थी। नरसी मीणा जितेन्द्र से डिंपल की पढाई पर किए गए खर्चे की मांग कर रहा था। डिंपल व जितेन्द्र दोनों छिप कर पानेरियों की मादड़ी में मकान किराए पर लेकर रहने लगे। नरसी ने इसका पता लगा कर रूपयों की मांग की लेकिन जितेन्द्र ने देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर नरसी ने घर में घुस कर जितेन्द्र मीणा पर चाकू से गर्दन, पेट सहित अन्य जगह ताबडतोड़ हमला कर फरार हो गया। जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र राडाजी चौराहा पर ऑटों पलटने से निचे दबने पर युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सवेरे राममनोरह लोलिया नगर मल्लातलाई कच्ची बस्ती निवासी अख्तर हुसैन पुत्र अनवर हुसैन अपने भाई आरिफ हुसैन के ऑटों में बैठ कर घर से शहर की तरफ जा रहा था। जहां बीच रास्ते में राडाजी चौराहा पर ऑटों अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे निचे दबने पर अख्तर हुसैन की मौत हो गई।

आगजनी का मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)।सायररा थाना पुलिस ने मकान में आगजनी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित पदाराम पुत्र हरियाराम निवासी गुर्रा ने गुर्रा निवासी सोमाराम पुत्र राजाराम, मनाराम पुत्र सोमाराम, कमलेश पुत्र केसाराम, केसीबाई पत्नी सोमाराम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 15 मार्च को मैं अपने पीपरणा गांव स्थित मकान पर गया था। वहां से लौटा तो मकान जला हुआ था। जहां घास एवं रशनी सामठी जल कर नष्ट हो चुकी थी।

अवैध पिस्टल मय जिंदा कारतूस बरामद

उदयपुर, (कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान वारदात करने की प्रयास में घुम रहे बदमाश को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक पिस्टलय मय तीन जिंदा कारतूस जब्त किए।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलिपसिंह के नेतृत्व में एएसआई धर्मवरीसिंह मय जाप्ता ने गश्त के दौरान जोगीतालाब रोड़ की तरफ शिवराजसिंह उर्फ सागर नामक व्यक्ति के पास हथियार होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। जहां से युवक को दक्षिण विस्तार की तरफ से सेक्टर 14 की तरफ जाते देख रोक कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम शिवराजसिंह चौहान उर्फ सागर पुत्र राजेन्द्रसिंह चौहान निवासी कृष्णपुरा गली नंबर 1 भुपालपुरा का होना बताया। जिसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से देशी पिस्टलय मय तीन जिंदा कारतूस पाए गए।

हमले में युवक घायल

उदयपुर,(कासं)। खेरवाड़ा कस्बे में आपसी विवाद में आरोपियों ने चाकू से हमला कर युवक को घायल किया। जानकारी के अनुसार पीड़ित राहुजल डामोर निवासी बलेवडी ने तुलसीराम पुत्र नानालाल ननोमा, प्रवीण पुत्र भीमाराम खराड़ी के खिलाफ भाई मनीष पर चाकू से हमला कर घायल करने का प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 16 मार्च को रिश्तेदारी में गांव देवल डूंगरपुर गए थें जहां योगेश पुत्र सरदारसिंह अहारी व संदिप पुत्र हरीश हाए थे। जहां कार्यक्रम ख्त्म होने पर वापस लौट रहे थे।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7/12 /PLAN/LANDUSE/2024-25/482 **आम सूचना** दिनांक : 12/3/2025

सर्व-साधारण को सुचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू- उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	दक्ष ऑटो (इण्डिया) प्रा.लि. जरिये डायरेक्टर श्री विकास श्रीमाली पिता श्री प्रकाश श्रीमाली	पट्टा अनुसार देबारी (नवीन ग्राम जिंक स्मेल्टर)	5294/ 4742	01	13375.00 वर्गफीट	हिंदुस्तान जिंक तिराहे से चितौड़गढ़ जाने वाली 300 फीट सडक पर पावर हाउस के सामने आर्ची गैलेक्सी कॉम्पलेक्स के समीप स्थित है।	वाणिज्यिक (पेट्रोल पम्प) उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Ph. 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2025/17989 दिनांक : 10.03.2025

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्वा/पट्टाशुद्वा के आधार पर भूखण्डों का**नामान्तरण/नामहस्तान्तरण** का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर **नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण** कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्य था प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणो में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्रीमती तसनीम बोहरा पत्नि श्री जुल्फीकार बोहरा निवासी बोहरा बाजार, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-02 गिरिराज दर्शन कॉलोनी, गिरिराजपुरा, नाथद्वारा	रोड़ 30 फिट	भूखण्ड संख्या-09	भूखण्ड संख्या-01	भूखण्ड संख्या-03

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा

कार्यालय पालिका मण्डल आमेट, जिला-राजसमन्द (राज.)

क्रमांक/न.पा.आ./2025/1185 प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए) दिनांक: 17.3.25

-: लोक - सूचना :-

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित आवेदकों द्वारा कृषि भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

तहसील जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खातेदार का नाम	खसरा नं. /आराजी नं.	क्षैत्रफल (हैक्टर में)
आमेट राजसमन्द	आमेट	ओमप्रकाश पिता किशनलाल भांड निवासी आमेट, केसर बाई पत्नी किशन लाल भांड निवासी आमेट, सुरेश चन्द्र पिता किशन लाल भांड निवासी आमेट, सीता पिता किशन लाल भांड निवासी आमेट।	3206	कुल रकबा 0.17089 हैक्टर भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ

उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के धीन पूर्वोक्त,प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने की अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई ओक्ष है तो वह नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाप में यह जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 17.3.25 को जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी (भूमि रूपान्तरण) नगर पालिका आमेट

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

उदयपुर (मुख्य) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर-313001 (राजस्थान), फोन नं.: 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673, ई-मेल: udaipu@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **मैसर्स शिवा ग्रेनिटो एक्सपोर्ट लिमिटेड जिसे पहले मैसर्स शिवा एक्सपोर्ट कम्पनी के नाम से जाना जाता था,** जरिये निदेशक **श्रीमती आशा उपाध्याय पत्नी श्री सुरेश उपाध्याय, श्रीमती रचना उपाध्याय पत्नी श्री अभिनव उपाध्याय, श्री विशाल जैन एवं श्रीमती चंचल नुवाल** एवं प्रबन्ध निदेशक व जमानतदार **श्री अभिनव उपाध्याय पुत्र श्री सुरेश उपाध्याय एवं जमानतदार श्री सुरेश उपाध्याय पुत्र श्री नवीन चन्द्र उपाध्याय** एवं **श्री अभिषेक उपाध्याय पुत्र श्री सुरेश उपाध्याय एवं कोर्पोरेट जमानतदार मैसर्स शिवा एक्सप्लोसिव्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड** पर **मांग सूचना दिनांक 23.09.2024 पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक 21.09.2024 को बकाया राशि रू. 2,90,02,546.65 (रूपये दो करोड़ नब्बे लाख दो हजार पाँच सौ छियालीस एवं पैसे पैंसठ मात्र) (दिनांक 21.09.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए)** एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई। ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 12, माह मार्च, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 21.09.2024 को बकाया राशि रू. 2,90,02,546.65 (रूपये दो करोड़ नब्बे लाख दो हजार पाँच सौ छियालीस एवं पैसे पैंसठ मात्र) (दिनांक 21.09.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए)** एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, उदयपुर (मुख्य) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर, राजस्थान 313001** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि मैसर्स शिवा एक्सप्लोसिव्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 07.10.2013 औद्योगिक परिवर्तित भूमि खसरा नं. 571, 575, 579, 584, 585 एवं 610 जो राजस्व गाँव उदलपुरा, ग्राम पंचायत कोठड़ी, तहसील रेलमंगरा, जिला राजसमन्द, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 43011 वर्ग मीटर है। **सीमाएं-** उत्तर: अन्य भूमि, दक्षिण: खसरा नं. 613-620 एवं अन्य, पूर्व: खसरा नं. 603-605-588 एवं अन्य, पश्चिम: गाँव कोठड़ी की सीमा

स्थान: रेलमंगरा (राजसमन्द) **हस्ता.**

दिनांक: 12.03.2025 **मुख्य प्रबन्धक एवं प्राधिकृत अधिकारी**

नाम परिवर्तन

मै सन्तोष कुमार गालव पूब्रिया पिता रामकिशन पूर्बिया निवासी नादोली जिला राजसमंद ने अपना नाम बदलकर नया नाम सन्तोष कुमार पूर्बिया रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

NOTICE

The project chourai Soapstone Mine (M.L.No. 13/1994) Near Village Chourai, Tehsil-Rishabdev, Dist.-Udaipur of M/s Ashoka Minerals, Udaipur has been accorded environmental clearance and copies of clearance letter are available with SEIAA, Rajasthan and Rajasthan Pollution Control Board and may also be seen on the website of the board at www.rpcb.nic.in

राजस्थान सरकार

कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

मोहम्मद फलासिया, ब्लॉक झाड़ोल (फ.) जिला उदयपुर

Mobile No. : 9414617503 E-mail : phc_mophalasia@yahoo.com

क्रमांक : एनएचएम/सफाई/2025/07 दिनांक : 15.03.2025

खुली निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, मोहम्मद फलासिया में साफ-सफाई व्यवस्था मय मानव संसाधन एवं मय सफाई सामग्री तथा MNJY योजना अन्तर्गत मानव संसाधन की अनुबंध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विर्निदिष्ट पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक से निम्न कार्य हेतु निविदा (तकनीकी व वित्तीय) आमत्रिंत की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.03.2025 से 26.03.2025 को सायं 5.00 बजे तक बेची जायेगी तथा दिनांक 27.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जाकर उसी दिनांक को 1.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित बोलीदाता/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी -

क्र.सं.	कार्य का नाम	अवधि	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क
1.	डिलीवरी पोइंट पर 24X7 सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था मय मानव संसाधन एवं सामग्री	2025-26	1.44 लाख	3000/-	200/-
2.	MNJY योजना अंतर्गत मानव संसाधन	2025-26	1.00 लाख	2000/-	200/-

शर्ते :

1. धरोहर राशि बैंकर्स चैक/डीडी द्वारा "सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेर रिलीफ सोसायटी मोहम्मद फलासिया के नाम से देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान फरप्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदादाता संबंधित संस्थान पर भ्रमण कर पूर्ण कार्य को समझकर निविदा प्रस्तुत करें।
4. निविदा शर्तें कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता कार्यालय समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
5. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा का स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये स्वीकार/रद्द करने का अधिकार उपापन समिति का रहेगा।

सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मो. फलासिया

अनुव्रतों के पालन से जीवन में होता है संस्कार का निर्माण : मुनि प्रसन्न कुमार

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती केलवा क्षेत्र में ओम समृद्धि सभागार में मुनि संजय कुमार, मुनि प्रसन्न कुमार, मुनि प्रकाश कुमार एवं मुनि धैर्य कुमार के सानिध्य में अणुव्रत समित रिछेड के नवगठीत कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

अणुव्रत समिति रिछेड की नव गठीत कार्यकारणी के अध्यक्ष भीमराज कोठारी, मंत्री बहादुरसिंह, कोषाध्यक्ष रमेशचन्द्र प्रजापत, प्रचारमंत्री शिवलाल सेन, सहप्रचार मंत्री चन्द्रप्रकाश सोनी, संरक्षक मंडल डॉ समन्दर शर्मा, राधेश्याम राणा, परामर्श मंडल नारायणलाल सोनी, विनयकुमार पालीवाल, देवेन्द्र सोनी, संगठन मंडल कमलेश टेलर, सुरेशकुमार कोठारी आदि कार्यकारणी को पुर्व न्यायाधिश डॉ बसन्तीलाल बाबेल ने शपथ दिलाई। मुनि संजयकुमार ने कहा कि जाती व संप्रदाय के बंधन से मुक्त अणुव्रत एक अच्छें इंसान बनने का वादा करता हैं। अध्यक्ष भीमराज कोठारी के प्रयास से अणुव्रत समिति में जैन से ज्यादा अजैन जुडें हैं। अणुव्रत अमीर, ग